Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

विषय-सूचि

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निवेदन एवं उद्देश्य

श्रीमद् दयानन्द आर्ष विद्यापीठ की पाठ्य पुस्तकों के निर्माताओं, अध्यापकों एवं परीक्षकों से—

१— जो बातें अहिंसा, सत्य, अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह पवित्रता, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर-प्रणिधान, धृति क्षमा, दम, इन्द्रिय-निग्रह, बुद्धि और विद्या के विरुद्ध हों वे सर्वथा उपेक्षणीय समझी जावें। उन्हें न ग्रन्थ कर्त्ता लिखें, न अध्यापक पढावें और न परीक्षक पूछें, क्योंकि आर्ष विद्या पीठ कुमार-कुमारियों को उपर्युक्त गुणों से विभूषित करके ऋषि पद्धति का पुनरुज्जीवन चाहता है।

२— औचित्य-विरुद्ध, जैसे— भगवान् भक्त के वश में रहते हैं। कितना ही पुरुषार्थ करो यदि दैव ही प्रतिकूल है तो सफलता कभी नहीं मिल सकती। मित्रता निभाने के लिये पाप भी करना पड़ता है इत्यादि अंशों का आर्ष विद्यापीठ में कोई स्थान नहीं है।

३— झूठा इतिहास आर्ष विद्यापीठ में नितान्त हेय है।

४— तमोगुणी शिक्षण अनुपयुक्त मानके रजोगुण की प्रवृत्ति भी वहीं तक उपादेय है, जहां तक वह सत्वगुण की उत्पत्ति में सहायक बने।

५— सृष्टिक्रम और विज्ञान से विपरीत बातों को आर्ष विद्यापीठ अप्रतिष्ठित करता है।

६— वे मान्यतायें सर्वथा असह्य हैं, जिनके कारण विद्यार्थी दुश्चरित्र आदि अपूज्यों की पूजा करने में प्रवृत्त हों एवं सत्करणीय चरित्रवान् विद्वानों, गुरुओं, माता-पिताओं, संरक्षकों और अभिभावकों की निन्दा करने में लज्जा अनुभव न करें।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७— वे अंश भी उपयोगी नहीं समझे जावेंगे, जिन्हें पढकर छात्र-छात्रायें स्वदेश के महानुभावों की निन्दा और विदेशियों की प्रशंसा करने में स्वयं को गौरवान्वित समझें।

८— श्रेष्ठ गुणों के धारण में अरुचि एव दोषों के ग्रहण में उत्सुकता करानेवाले पाठ्यांश त्याज्य कोटि में समाविष्ट होंगे।

९— आर्ष विद्या पीठ उन बातों का आदर नहीं करता, जिनसे ब्रह्मचारी वर्ग अकृत्रिम जीवन को छोड़ना और बनावटी रहन-सहन को अपनाना अधिक पसन्द करें।

१०— ऐसे पाठों का भी महत्त्व नहीं है, जिनको पढकर शिक्षार्थी अपने बड़ों की बातों पर उपहास करना सीख जावें।

११— वे पाठ्यांश भी अग्राह्य गिने जावेंगे जो बालक बालिकाओं एवं युवक-युवतियों के इकट्ठे पढ़ने और साथ खेलने का वर्णन करते हों।

१२— अर्थ–काम में आसक्ति उत्पन्न करने वाले एवं धर्म और मोक्ष से विरक्ति दिखाने वाले भाग आर्ष विद्या पीठ की दृष्टि में ऊंचा स्थान नहीं रखते।

१३— यदि कोई ग्रन्थ आर्ष विद्या पीठ की पाठ्यावली में इन नियमों के उल्लङ्घन, दृष्टि दोष वा भूल से रख दिया गया हो, तो वह समिति द्वारा हटा दिया जाएगा।

१४— आचार्य स्तर पर आकर विभिन्न वादों के समालोचनात्मक पक्ष का आश्रय उपादेय होगा।

प्रस्तोता

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परीक्षा विषयक उपनियम

विषय परिवर्तन—

आवेदनपत्र पूर्ति के अनन्तर विषय परिवर्तन सर्वथा असम्भव है।

पूरक परीक्षा—

(क) पृष्ट ३ पर परीक्षा विषयक नियम १३ से सम्बद्ध यदि कोई परीक्षार्थी रोगी हो जाने आदि अनिवार्य विशेष कारणों से विद्या संस्था के प्रधान की लिखित पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर परीक्षा में न बैठा होगा, तो उन सब विषयों की जिनमें वह नहीं बैठ सका है, अथवा सभी विषयों में नहीं बैठ सका है, उसे पूरक परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा के लिये अवसर प्रदान किया जायेगा। पूरक परीक्षार्थी को उत्तीर्ण हो जाने की दशा में श्रेणी प्रदान नहीं की जावेगी। कृपाङ्कों की व्यवस्था पूरक परीक्षा में भी वार्षिक परीक्षा के समान होगी।

(ख) यदि कोई छात्र किसी विषय में बरावर दो परीक्षाओं में एक वार्षिक और दूसरी पूरक में अनुत्तीर्ण हो तो उसे उसी खण्ड में रहकर उस वर्ष के सब विषयों की परीक्षा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सब के साथ अगले वर्ष देनी होगी।

(ग) यदि कोई छात्र पूरक परीक्षा में न बैठ सके, तो वह भी अगले वर्ष ही परीक्षा में बैठने का अधिकारी होगा।

(घ)

पूरक परीक्षा	शुल्क	लब्धांक	
प्रथमा तृतीय खण्ड	३	१	रुपये
मध्यमा प्रति खण्ड	४	१	रुपये
शास्त्री प्रति खण्ड	५	१	रुपये
आचार्य प्रति खण्ड	७	१	रुपये

वार्षिक परीक्षा अथवा पूरक परीक्षा के लिये भेजा गया शुल्क किसी भी दशा में न आगे के लिये सुरक्षित होगा, और न ही लौटाया जायेगा। भूल का सुधार अवश्य किया जायेगा।

सर्व प्रकार के शुल्क का प्रेषण नियम—

प्रवेश पत्र के साथ ही शुल्क का आना आवश्यक है। बैंक ड्राफ्ट चैक वा मनी-आर्डर जिस प्रकार से शुल्क भेजा गया है, उसका संकेत मनीआर्डर की रसीद इत्यादि प्रवेश पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिये।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् *

* श्रीमद्दयानन्द आर्ष-विद्यापीठ *

इस आर्ष-विद्यापीठ की १६ वर्ष की पाठविधि में निम्नलिखित परीक्षायें निर्धारित की गई हैं।

परीक्षा नाम	अवधि
१. प्रवेशिका	५ वर्ष
२. प्रथमा	३ वर्ष
३. मध्यमा	३ वर्ष
४. शास्त्री	३ वर्ष
५. आचार्य	२ वर्ष
	१६ वर्ष

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* परीक्षा विषयक नियम *

१. श्रीमद्दयानन्द आर्ष विद्यापीठ की परीक्षाओं में विद्यार्थी एक वर्ष में एक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा ।

२. आधुनिक विद्यालयों को पञ्चम कक्षा, संबद्ध विद्यालयों की प्रवेशिका उत्तीर्ण अथवा तत्समकक्ष योग्यता रखनेवाला छात्र ही प्रथमा परीक्षा (प्रथम खण्ड) की तैयारी कर सकेगा ।

३. प्रथमा के प्रथम द्वितीय खण्डों की परीक्षाएं स्थानीय विद्यालय में तथा प्रथमा तृतीय खण्ड, मध्यमा, शास्त्री और आचार्य की परीक्षायें विद्यापीठ ही लिया करेगा । कन्याएं प्रथमा तृतीय खण्ड की परीक्षा विद्यापीठ मे दिये बिना भी मध्यमा के प्रथम खण्ड में सीधी बैठ सकती हैं ।

४. प्रथमा परीक्षा के हिन्दी, गणित, समाजशास्त्र तथा सामान्य विज्ञान, इन चार विषयों में से इच्छानुसार तीन लिये जा सकते हैं ।

५. मध्यमा प्रत्येक खण्ड के अतिरिक्त विषयों में से एक विषय लेना अनिवार्य होगा । यह विषय प्रत्येक खण्ड में भिन्न भी हो सकता है ।

६. शास्त्री प्रत्येक खण्ड के अतिरिक्त विषयों में से एक विषय लेना अनिवार्य होगा । किन्तु इसे प्रत्येक खण्ड में समान ही लेना होगा ।

७ व्याकरणाचार्य करने के उपरान्त ही इन विषयों में भी आचार्य किया जा सकता – वेद, दर्शन, आयुर्वेद, राजनीति-शास्त्र, ज्योतिष । इन में से वेदाचार्य, व्याकरणाचार्य के बाद सीधा किया जा सकता है । दर्शन आयुर्वेद तथा राज-नीति शास्त्र में आचार्य करने के लिये ये विषय शास्त्री में

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिरिक्त रूप से लेने अनिवार्य होंगे तथा ज्योतिष में आचार्य करने के लिये ज्योतिष का पाठ्यक्रम मध्यमा से ही करना होगा। छूट यह रहेगी कि मध्यमा तथा शास्त्री के सभी खण्डों की परीक्षा एक साथ भी दी जा सकती है।

८. इसी प्रकार जो अतिरिक्त विषय शास्त्री में नहीं किया गया हो उसका आचार्य करने के लिये वह विषय शास्त्री से करना होगा। उस विषय में शास्त्री के तीनों खण्डों की परीक्षा एक साथ दी जा सकती है।

९. प्रथमा परीक्षा का माध्यम आर्यभाषा रहेगी। मध्यमा तथा शास्त्री के वेद, दर्शन, व्याकरण संस्कृतसाहित्य तथा निरुक्त विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषयों का माध्यम हिन्दी भी चुना जा सकता है। मध्यमा तीनों खण्डों में संस्कृतसाहित्य के पूर्णांकों का उत्तर देने के लिये संस्कृत के अतिरिक्त हिन्दी भी माध्यम रहेगा। आचार्य में विषयों की दृष्टि से सब पत्रों का माध्यम संस्कृत वा अन्य भाषायें होंगी।

१०. सब परीक्षाओं में एक पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र ही पूरक परीक्षा दे सकेगा जो परिणाम घोषित होने के एक मास पश्चात् होगी, जब कि उस पत्र में २२ प्रतिशत से न्यून अङ्क न हों।

११. आठ कृपाङ्क पत्रों में उत्तीर्णता हेतु वितरित किये जा सकेंगे किन्तु दिये गये कृपाङ्कों से दुगुने अङ्क सर्वयोग में से काट लिये जायेंगे। एक पत्र में अधिक से अधिक ५ कृपाङ्क दिये जा सकते हैं।

१२. आचार्य परीक्षा में कुल अङ्कों का ५० प्रतिशत प्राप्त करने पर छात्र उत्तीर्ण समझा जायेगा चाहे वह दोनों खण्डों के एक या अधिक पत्रों में असफल भी क्यों न रहा हो जबकि उसने किसी भी पत्र में ३३ प्रतिशत से कम अङ्क न लिये हों।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३. परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा समाप्ति के एक मास बाद कर दी जाएगी।

१४. विद्यापीठ की पाठविधि के चालू होने से पूर्व के सम्बन्धित विद्यालयों के छात्र अपने प्रमाण पत्रों के आधार पर विद्यापीठ की किसी भी परीक्षा के किसी भी खंड में बैठ सकते हैं।

१५. आचार्य में स्वशास्त्रीयनिबन्ध २५ पृष्ठ फुलस्केप का होगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से १५ दिन पूर्व तक परीक्षाध्यक्ष के पास पहुंच जाना चाहिये।

१६. न्यूनातिन्यून पांच परीक्षार्थी होने पर केन्द्र बन सकेगा।

१७. इन परीक्षाओं में बाहर के छात्र नहीं बैठ सकेंगे

१८. अंग्रेजी में उत्तीर्णता अनिवार्य नहीं है। उत्तीर्ण होने की दशा में प्रमाण पत्र पर पृथक् उल्लेख कर दिया जायेगा। प्रथमखण्ड में अंग्रेजी में उत्तीर्ण होने पर ही उत्तरखण्ड में अंग्रेजी ली जा सकेगी।



परीक्षा तिथि

विद्यापीठ की वार्षिक परीक्षाएं प्रतिवर्ष चैत्रशुक्ल पक्ष के प्रारम्भ में हुआ करेंगी। परीक्षार्थ आवेदन पत्र कार्यालय में पहुंचने की विलम्बवाली अन्तिम तिथि मकरसंक्रान्ति होगी। बिना विलम्बशुल्क के आवदेन पत्र इस से दस दिन पूर्व पहुंच जाने चाहिये।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुल्क विवरण

प्रश्नानुसन्धान ४)

परीक्षा प्रवेश शुल्क ३) केवल प्रथम बार परीक्षा देने पर

नाम परीक्षा	परीक्षा शुल्क	लब्धाङ्क शुल्क	विलम्ब शुल्क	प्रपत्र मूल्य
प्रथमा तृतीयखण्ड	४)	१)	२)	१)
मध्यमा प्रतिखंड	६)	१)	२)	१)
शास्त्री प्रतिखड	८)	१)	२)	१)
आचार्य प्रतिखड	१०)	१)	२)	१)

उत्तीर्णता के लिए अङ्क निर्देश

परीक्षा नाम	तृतीय श्रेणी	द्वितीय श्रेणी	प्रथम श्रेणी
प्रथमा	३३ प्रतिशत	४५ प्रतिशत	६० प्रतिशत
मध्यमा	३३ प्रतिशत	४५ प्रतिशत	६० प्रतिशत
शास्त्री	३५ प्रतिशत	४५ प्रतिशत	६० प्रतिशत
	सर्वयोग ४० प्रतिशत		
आचार्य	तृतीय श्रेणी नहीं है	४५ प्रतिशत	६० प्रतिशत

विशेष—सर्वयोग में ७५ प्रतिशत वा अधिक अङ्क प्राप्त करने पर विशेष योग्यता प्रदान की जायेगी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्ष-विद्यापीठ से सम्बद्ध गुरुकुल

१. गुरुकुल झज्जर, रोहतक (हरयाणा)
२. गुरुकुल चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)
३. गुरुकुल एटा (उ. प्र.)
४. श्रीमद्दयानन्द गुरुकुल विद्यापीठ, ततारपुर, डा. बाबूगढ़ छावनी, जि. मेरठ (उ. प्र.)
५. गुरुकुल रुद्रपुर, डा. तिलहर, जि. शाहजहांपुर (उ.प्र.)
६. घनश्याम वैदिक विद्यालय देवरिया (उ. प्र.)
७. पाणिनीय महाविद्यालय मोतीझील बनारस (उ.प्र.)
८. सांगवेदविद्यालय नरौरा नेर जि. मैनपुरी (उ. प्र.)
९. गुरुकुल सिरसागंज, जि. मैनपुरी (उ. प्र.)
१०. गुरुकुल गदपुरी डा. बल्लभगढ़ जि. गुडगावां (हरयाणा)
११. गुरुकुल सिंहपुरा सुन्दरपुर जि. रोहतक (हरयाणा)
१२. गुरुकुल अयोध्या (उ. प्र.)
१३. आचार्यकुल सिद्धिपुर लोवा, रोहतक (हरयाणा)
१४. गुरुकुल आर्यनगर डा. कुरड़ी जि. हिसार (हरयाणा)
१५. गुरुकुल घरौण्डा, जि. करनाल (हरयाणा)
१६. कन्या गुरुकुल नरेला, देहली
१७. कन्या गुरुकुल दाधिया, डा. अजरका, जि. अलवर (राजस्थान)
१८. गुरुकुल वैदिक आश्रम वेदव्यास पानपोस डा. राउरकेला ४, जि. सुन्दरगढ़ (उड़ीसा)
१९. गुरुकुल विद्यापीठ हरयाणा भैंसवाल रोहतक (हरयाणा)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमा परीक्षा (प्रथम खण्ड)

प्रथम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे संस्कृत व्याकरण पूर्णाङ्क १००

(क) शब्दरूपावली (लघु पुस्तिका सम्पूर्ण) ५०

(ख) धातुरूपावली ५०

(ख) का पाठ्यक्रमः—लट्, लृट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ् इन पांचलकारों के निम्नधातुओं के सभी रूप-

श्रु, घ्रा, पा, दा, क्रीड्, भू, अस्, रक्ष्, नम् वस्, स्मृ, रुद्, स्था, त्यज, नी, त्रै, लभ्, नृत्, प्रच्छ्, सृज्, ज्ञा, सेव्, जागृ, हन्, जन्, छिद्, क्रुध्, तुद्, स्पृश्, पठ्, चल् ।

सूचना—शुद्ध लेखन का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

द्वितीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे वेद-आर्यसिद्धान्त पूर्णाङ्क १००

(क) सन्ध्या, ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासना, हवन, जागरण, शयन, भोजन के आद्यन्त, यज्ञोपवीत, स्नान, मेखला आदि के मन्त्र कण्ठस्थ करना । ६०

(ख) धार्मिकशिक्षा प्रथम-द्वितीय भाग (डा० सूर्यदेव कृत) ४०

तृतीय प्रश्न पत्र

(क) संस्कृत प्रवेशिका (प्रथम भाग) गुरुकुल कांगड़ी से प्रकाशित । २०

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) बालकवितावली (प्रथम भाग) संस्कृत साहित्य प्रचारक। १०

अथवा

(तत्समकक्ष कोई पुस्तक)

सूचना—मुख्य श्लोक कण्ठस्थ करना अनिवार्य है।

चतुर्थ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे गणित पूर्णाङ्क १००

अङ्कगणित—दशमलव की चारों रीतियां, दशमलव भिन्न से साधारण भिन्न वा साधारण से दशमलव भिन्न बनाना, दशमलव का महत्तम समापवर्तक और लघुतम समापवर्त्य।

पाठ्य-पुस्तक—अपने-अपने प्रान्त का अथवा बाल अङ्कगणित प्रथम भाग। डा० गोरखप्रसाद।
(रामसाहित्य, रामदयाल अग्रवाल प्रयाग)

बीजगणित—बीजगणित के संकेत, स्थानापन्नक्रिया, जोड़ना, घटाना, बीजगणित में कोष्ठों को सरल करना।

रेखागणित—कोणों का विशेष अध्ययन। पटरी गुनिया और परकार का प्रयोग। आसन्न कोण तथा एक बिन्दु पर बने कोण, सम्मुख कोणों की तुलना। त्रिभुज के कोणों को विवेचना, सम्मुख कोणों की तुल्यता, रचना द्वारा त्रिभुजों को अनुरूपता की निम्नलिखित स्थितियों का प्रदर्शन:—

क—जब तीनों भुजाएं तुल्य हों।

ख—दो भुजाएं तथा अन्तर्गत कोण तुल्य हों।

ग—एक भुज और अन्तर्गत कोण तुल्य हों।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहायक ग्रन्थ—अपने-अपने प्रान्त का पुस्तक वा सरल बीजगणित और रेखा गणित प्रथमभाग। (माया शंकरलाल कृत)

अथवा

गणित ज्योतिष

स्थानमान, व्यवहार गणित

सूचना—गणित और गणित ज्योतिष में से कोई एक लिया जा सकता है।

पञ्चम प्रश्न पत्र

समय ३ घंटे हिन्दी पूर्णाङ्क १००

विशेष—पाठ्यग्रन्थों से गद्यांश की व्याख्या तथा पाठ्य सारांश पूछे जायगे। शब्दार्थ, विलोम, शुद्धरूप एवं लेखक का परिचय जानना भी आवश्यक है।

पाठ्य-पुस्तक (क) आत्मकथा रामप्रसाद बिस्मिल (पूर्वार्द्ध) राजपाल एण्ड सन्स कश्मीरी गेट दिल्ली। ३०

(ख) आदर्श बालक (लेखक प्राणनाथ वानप्रस्थ, राजपाल एण्ड सन्स कश्मीरी गेट, दिल्ली। ३०

(कन्याओं के लिए) वीर पुत्रियां लेखक प्राणनाथ वानप्रस्थ, राजपाल एण्ड सन्स कश्मीरी गेट, दिल्ली।

(ग) व्याकरण—कारक, सन्धि, वचन, लिंग, व्याकरण का महत्त्व। १०

(घ) निबन्ध—सामान्य सरल विषयों पर वर्णनात्मक (किसी भी पुस्तक से) १५

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ङ) पत्र लेखन तथा आवेदन पत्र १०

(च) लोकोक्तियां तथा कहावतें ५

षष्ठ प्रश्न पत्र

समय ३ घंटे समाज शास्त्र अङ्क १००

(इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र)

इतिहास–आर्य जगत् के उज्ज्वल रत्न अथवा आर्य समाज के नव रत्न (राजपाल एण्ड संस कश्मीरी गेट, दिल्ली) ३४

भूगोल— ३३

क) भौतिक-पृथ्वी का आकार गतियां, ऋतुपरिवर्तन, दिन रात, मानचित्र का सामान्य ज्ञान।

ख) स्थानीय भूगोल–बाजार, ग्रामों, कस्बों तथा नगरों का सम्बन्ध विशेष फसलें एवं उद्योग।

ग) भारतवर्ष–स्थिति, सीमा, विस्तार, प्राकृतिक बनावट, जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, कृषि, उद्योग, यातायात, व्यापार, पञ्चवर्षीय योजनाएं, जनसंख्या एवं प्रमुख नगर।

सहायक ग्रन्थ— ३३

प्रारम्भिक भूगोल प्रथमभाग कुमारी सुमन वर्मा (चौखम्बा बनारस)

नागरिकशास्त्र–वैदिक शिष्टाचार (गोविन्दराम हासानन्द नई सड़क दिल्ली)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे सामान्य विज्ञान पूर्णाङ्क १००

निम्नलिखित विषयों का सामान्य ज्ञान—

द्रव्य और द्रव्य के साधारण गुण। द्रव्य की अवस्थाएं।

(भौतिक तथा रासायनिक).

लम्बाई की इकाई, लम्बाई नापना। तौल, वस्तुओं का तौल निकालना, साधारण तुला का ज्ञान।

लीवर, लीवर के प्रकार, घिरनी, दैनिक जीवन में इनके कुछ उपयोग। वायु मण्डल की बातें [भौतिक तथा रासायनिक गुण] वायुमण्डल का दबाव, शुद्ध तथा अशुद्ध वायु। वायु का गमनागमन तथा उपयोगिता। उष्मा, उष्मा के स्रोत तथा उष्मा का सचारक प्रकाश, प्रकाश का स्रोत, प्रकाश सरल रेखा में गमन, सूची क्षत्र, कैमरा, चुम्बक के गुण, चुम्बकीय पदार्थ।

घर्षण विद्युत्, उसके गुण. (चुम्बक की भांति आकर्षण-विकर्षण आदि और प्रकाश) आकाश को विद्युत् फ्रैंकलिन का प्रयोग।

जल-प्रकृति का सबसे बड़ा घोलक, शुद्ध तथा अशुद्ध जल, जल को निर्मल करने की प्रक्रिया, पदार्थों का साधारण गुण जांच करना। लोह तथा गन्धक के उदाहरण।

विभिन्न श्रेणी के जीवों (प्राणी तथा वनस्पति) के विषय में सामान्य परिचय।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेरुदण्डधारी जीव-मछली का साधारण ज्ञान।

कुछ हानिकारक प्राणी, किसानों के मित्र और शत्रु, बिना रीढवाले प्राणी, केंचुवा, तितली, बिच्छी आदि।

मनुष्य के शरीर के विषय में सामान्य ज्ञान, शरीर के भिन्न-भिन्न अङ्ग तथा उनके विषय मे साधारण ज्ञान,

ध्रुव तारा एव सप्तर्षिमण्डल।

सहायक ग्रन्थ-

जनरल साइंस रीडर प्रथम भाग। लि०-श्रीमनोहर लाल भार्गव तथा श्री गंगाशरण भार्गव।

[केवल कन्याओं के लिये]

समय ३ घण्टे	गृह-विज्ञान	पूर्णाङ्क १००

सैद्धान्तिक ६०

व्यक्तिगत स्वास्थ्य-शरीर की स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, शिष्टाचार, गुरुकुल में आये पारिवारिक जनों तथा विद्यालय से सम्बन्धितों के प्रति व्यवहार।

भोजन-शरीर में कार्य का सूक्ष्म वर्णन।

वस्त्रों के विषय में-शुद्धता का स्वभाव एवं उचित रीति से वस्त्रों को रखने का प्रकार।

प्रायोगिक ४०

(१) मिट्टी से घर के न्यादर्श (नमूने) बनाना।

(२) सिलाई-रूमाल आदि।

(३) दस्तकारी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमा परीक्षा (द्वितीय खण्ड)

प्रथम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — संस्कृत व्याकरण — पूर्णाङ्क १००

क—अष्टाध्यायी मूल १ से ४ अध्याय कण्ठस्थ करना — ८०

ख—वर्णोच्चारण शिक्षा — २०

द्वितीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — वेद-आर्य सिद्धान्त — पूर्णाङ्क १००

क—स्वस्तिवाचन, शान्ति प्रकरण, सामान्य प्रकरण कण्ठस्थ । — ५०

ख—वैदिक प्रश्नोत्तरी — २०

ग—आर्योद्देश्यरत्नमाला — ३०

तृतीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — संस्कृत साहित्य — पूर्णाङ्क १००

क—संस्कृत प्रथम पुस्तक—रामबिहारीलाल चांदापुरी चोखम्बा बनारस — ८०

ख—अनुवाद — २०

चतुर्थ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — गणित — पूर्णांक १००

अङ्कगणित—ऐकिक नियम के कठिन प्रश्न, सरल व्यवहार गणित, साधारण ब्याज ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाठ्य पुस्तक = अपने-अपने प्रान्त का अथवा बाल अंक गणित द्वितीयभाग। डा० गोरखप्रसाद।

बीजगणित–सरल योगादि चार नियम। एक अज्ञात वर्णों के समीकरण तथा उन पर आधारित सरल प्रश्न।

रेखागणित–रचना द्वारा ऊंचाईयों तथा दूरियों का ज्ञान, पटरी तथा परकार की सहायता से निम्नलिखित रचना करना–

क—सरल रेखा का समद्विभाजन।
ख—कोण का समद्विभाजन।
ग—सरलरेखास्थित अथवा तद्बहिर्गत बिन्दु से सरल रेखा पर लम्ब।
घ—निर्दिष्ट कोण के तुल्य कोण निर्माण करना।
ङ—६०, ४५ अंश तथा ३० अंश के कोणों का निर्माण।
च—किसी निर्दिष्ट बिन्दु से किसी निर्दिष्ट रेखा के समानान्तर रेखा खीचना।
छ—सरल रेखा को बहुत-से तुल्य भागों में बांटना।
ज—त्रिभुजों की रचना।

पाठय-ग्रन्थ—अपने-अपने प्रान्त का। अथवा सरल बीजगणित और रेखागणित। भाग द्वितीय [श्री मायाशंकर लाल कृत]

अथवा

गणित ज्योतिष

साधारण भिन्न, दशमलव भिन्न, सरलीकरण के सुगम प्रश्न।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहायक ग्रन्थः— गणित कौमुदी, ले० गणपतिदेव शास्त्री, चौखम्बा बनारस

पञ्चम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे हिन्दी पूर्णाङ्क १०

विशेष—पाठ्य ग्रन्थों से गद्यांश व पद्यांशों की व्याख्या तथा पाठ्य सारांश पूछे जायेंगे। शब्दार्थ, विलोम, शुद्धरूप एवं लेखक परिचय जानना भी आवश्यक है।

पाठ्य-पुस्तक—

(क)	आत्मकथा रामप्रसाद बिस्मिल [उत्तरार्द्ध]	२५
(ख)	मित्रों की बातें [कन्याओं के लिये–बहनों की बातें]	२०
(ग)	झांसी की राणी [कविता] सुभद्राकुमारी चौहान	२०
(घ)	व्याकरण—समास, सन्धि, कारक, अलङ्कार।	१०
(ङ)	निबन्ध—वर्णनात्मक और विचारात्मक।	१५
(च)	पत्रलेखन और आवेदनपत्र।	५
(छ)	लोकोक्तियां और मुहावरे।	५

षष्ठ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे समाज शास्त्र पूर्णाङ्क १००

(इतिहास-भूगोल, नागरिक शास्त्र)

इतिहास—सरल रामायण, सरल महाभारत (राजपाल एण्ड सन्स) ४०

भूगोल (क) भौतिक—अक्षांश और देशान्तर रेखा, ग्रहण, धरातल के प्रकार, जलवायु और मौसम।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) एशिया की स्थिति, सीमा, विस्तार, प्राकृतिक बनावट, जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, कृषि, मुख्य उद्योग, यातायात, व्यापार एवं बन्दरगाह, नगर एवं बन्दरगाह, नगर एवं जनसंख्या।

(ग) खोज की यात्राएं, पृथ्वी के विभिन्न भागों के खोज की कुछ रोचक कहानियाँ—कोलम्बस, वास्कोडिगामा तथा उनकी सामुद्रिक यात्रायें।

सहायक ग्रन्थ—प्रारम्भिक भूगोल द्वितीय भाग।
(कुमारी सुमन वर्मा) चौखम्बा बनारस।

नागरिक शास्त्र—

क—भारतीय सङ्घ के राज्यों का अध्ययन, राज्यपाल, मन्त्रिमण्डल, व्यवस्थापिका सभा, निर्वाचन तथा मताधिकार।

ख—न्याय व्यवस्था, सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्ययालय, जिला न्यायालय।

ग—भारतीय जीवन की कुछ समस्याएं—निरक्षरता, निर्धनता, अस्पृश्यता, कृषि प्रणाली, सामाजिक प्रथाएं।

सहायक ग्रन्थ—

१—संक्षिप्त सामाजिक ज्ञान, द्वितीय खण्ड
(श्री जगदीश सहाय विसारिया) चोखम्बा

अथवा

१—नागरिक शास्त्र तीसरे भाग का प्रथम खण्ड।
चोखम्बा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे　　　　सामान्य विज्ञान　　　　पूर्णाङ्क १००

द्रव्य मात्रा और भार, कमानीदार तुला, भौतिक तुला, लीवर के सिद्धान्त, आयतन, सुडौल तथा बेडौल वस्तुयें।

घनत्व तथा आपेक्षिक घनत्व, किसी ठोस वस्तु का घनत्व निकालना, द्रव का भार, घनत्व, आपेक्षक घनत्व, आर्कमिडिस का सिद्धान्त. उत्प्लावन. बल, आर्कमिडिस के सिद्धान्त से किसी वस्तु का आपेक्षक घनत्व निकालना।

बैरोमीटर [वायु ताप मापक] साधारण बैरोमीटर बनाना।

थर्मामीटर, थर्मामीटर बनाना, तापक्रम के स्केल, फारनहाइट, सेन्टीग्रेट, र्यूमर उष्मा के प्रभाव।

प्रकाश परावतन तथा वर्तन के नियम, बहुदर्शक यन्त्र, समतल तथा नतादर दपण।

धारा विद्युत्, प्रारम्भिक सेल, विद्युत् धारा के चुम्बकोय प्रभाव, कार्बन डाई आक्साइड एवं आक्सीजन का अध्ययन, चूने के पानी से पहचान, मोमबती के जलने पर आक्सीजन का सहयोग।

कार्बन, सरसों का तेल, शक्कर तथा अन्य वस्तु के जलने पर कार्बन निकलना।

संगमरमर या खड़िया द्वारा गैस तैयार करना। आग बुझाने की मशीन, सोडा वाटर, कार्बनडाई आक्साइड से पत्तियों द्वारा भोजन की तयारी, कार्बनडाई आक्साइड एवं आक्सीजन का चक्र।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रयोगशाला में आक्सीजन का उत्पादन, उसके गुणों का अध्ययन तथा लाभ।

घोल, घोलक, घोलक रूप में पानी, घुलने से द्रव्य नष्ट नहीं होता। घुलने पर ताप का प्रभाव, संतृप्त तथा असंतृप्त घोल, पानी में घुलनेवाली वस्तुएँ, अन्य घोलक द्रव एवं गैसों का घुलना, घुलनशीलता पर ताप का प्रभाव रवे बनाना, रवों पर ताप का प्रभाव, बिना घोल के रवे बनाना, तूतिया या फिटकरी का बड़ा रवा बनाना।

रवे का पानी, रवे पर हवा का प्रभाव, सूती, रेशमी तथा ऊनी कपड़ों पर से दाग और धब्बे दूर करना चिकनाई, मशीन के धब्बे, खून के धब्बे, लाल स्याही के धब्बे, वार्निस के धब्बे, जंग के धब्बे, तारकोल के धब्बे, फल और घास के धब्बे।

सूती कपड़ों की धुलाई।

हमारे शरीर की रचना, मल-विसर्जक अङ्ग, गुर्दे तथा फेफड़ों से विसर्जन, त्वचा से विसर्जन, वृहत् अन्त्र आमाशय द्वारा विसर्जन, यकृत् का कार्य।

लू और चोसर तथा उससे रक्षा।

पौधों की जातियां, पौधों से मनुष्य को लाभ।

पत्तियां, उनकी उपयोगिता, पत्तियों के विभिन्न अङ्ग, भूमि की उर्वरा शक्तियों में भूमि का योग।

रश्मियों और तारों का अध्ययन।

सहायक ग्रन्थ:—जनरल साइंस रीडर द्वितीय भाग
ले० डा० सत्यप्रकाश (चौखम्बा)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रारम्भिक विज्ञान और प्राकृतिक निरीक्षण—ले० श्री मनोहरलाल तथा गंगाशरण भार्गव (चौखम्बा)।

[कन्याओं के लिये]

समय ३ घण्टे | गृह विज्ञान | पूर्णाङ्क १००

सैद्धान्तिक ६०

१. स्वास्थ्यविज्ञान=पानी, वायु, दूध, भोजन। भोजन=उसकी देखभाल चौका। उचित रीति से भोजन परोसने की व्यवस्था; भोजन पकाने की विविध विधियां। भोजन को गन्दगी से बचाने का ढंग। बर्तनों की सफाई।

२. भवन की सफाई; मकान का कूड़ा करकट, मल मूत्र, सफाई न रखने से हानियां।

३. कपड़ों की देखभाल—रेशमी तथा ऊनी कपड़ों की विशेष देखभाल; कपड़ों की धुलाई, ऊनी सूती रेशमी।

प्रायोगिक— ४०

१. धुलाई कपड़ों की।

२. सफाई—भवन की।

३. सिलाई—बखिया, काज बनाना, पैबन्द, रफू करना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमा परीक्षा (तृतीय खण्ड)

प्रथम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे | व्याकरण | पूर्णाङ्क १००

क—अष्टाध्यायी मूल ५ से ८ अध्याय कण्ठस्थ ६५
ख—अष्टाध्यायी मूल १ से ४ अध्याय पिछला स्मरण १०
ग—धातुपाठ मूल कण्ठस्थ २५

द्वितीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे | वेद-आर्य सिद्धान्त | पूर्णाङ्क १००

वेद— ६०

सुख की वर्षा करनेवाले प्रभु का आश्रय, चञ्चल इन्द्रियों को सुमार्ग में लगाना, सूर्य-चन्द्र आदि विचित्र सृष्टि की रचना, सर्वव्यापक प्रभु से डर कर पाप न करना. सब दिशाओं में ईश्वर की रचित सृष्टि को देखकर मन को थका देना, निर्मल चित्त होकर ओ३म् के समीप पहुंच जाना, उसे नमस्कार करना।

हवन करने से वायु-जल की शुद्धि, जीवों को परम सुख की प्राप्ति, गृहशुद्धि. ईश्वर की प्रसन्नता, उपकार की भावना, प्रभु की कृपा।

वयोवृद्धों, ज्ञानवृद्धों, विद्यावृद्धों की सेवा से अपना लाभ।

स्वार्थ रहित होकर सृष्टि के पदार्थों को पशु-पक्षियों के लिये भी स्वीकार करना, इन सब पर केवल मनुष्य का ही अधिकार न समझना। [२०]

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सदाचारी, धर्मात्मा, विद्वानों की परिचर्या करना।
सहायक ग्रन्थ—पञ्चमहायज्ञविधिः

आर्यसिद्धान्त—

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की सिद्धि के लिये सद् व्यवहार करना, आत्मज्ञानी, सहनशील, धर्मपरायण, अलोभी का अध्यापक मानना, घमण्डी, बहुत इच्छा रखनेवाले को मूर्ख मानना, शेखचल्ली न बनना, बहुत न बोलते रहना अविश्वस्त में विश्वास न करना विद्या—विघ्नों को दूर करना, विद्याप्राप्ति के लिये ब्रह्मचर्य धारण करना, सब पापों की निवृत्ति ब्रह्मचर्य पालन से मानना, शूरवीर बनना।

विद्या आदि शुभ गुणों की प्राप्ति और अविद्या आदि दोषों को छुड़ानेवाली का नाम शिक्षा मानना, विद्या और अविद्या के लक्षण जानना, विद्यार्थी को अत्यन्त प्रेम से पूर्ण प्रयत्न के साथ धर्म व्यवहार की शिक्षा देनेवाले को आचार्य स्वीकार करना।

सत्यवादी, धर्मात्मा, आस्तिक, उद्योगी, परोपकारी दमनशील, जितेन्द्रिय, माता-पिता, आचार्य, अतिथि, बन्धु मित्र, राजा, प्रजा का प्रियकारी बनना।

प्रत्यक्ष आदि आठ प्रमाणों से परीक्षा करके सत्य, असत्य का निश्चय करना, पुरुषार्थ और पुरुषार्थ के भेद, राजा प्रजा के लक्षण, गवर्गण्ड राजा का दृष्टान्त।
पाठ्य पुस्तकः—

व्यवहार भानु—महर्षि दयानन्द कृत

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृतीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — संस्कृत साहित्य — पूर्णाङ्क १००

क— संस्कृत वाक्य प्रबोध — ३०

ख— नीति शतक [प्रक्षिप्तांश वर्जित] — २०

ग— साहित्य सुधा प्रथम भाग
ले० आचार्य मेधाव्रत जी — १०
प्रकाशक प० दामोदर सातवलेकर

घ— अनुवाद — ३०

चतुर्थ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे — गणित — पूर्णाङ्क १००

१. अङ्क गणित—वर्गमूल, चक्रवृद्धि ब्याज, धरातल की माप, घन माप, समय की दूरी के प्रश्न, नदी नाव के प्रश्न, चक्कर में चलना, दौड़ खेल के प्रश्न, घड़ी सम्बन्धी प्रश्न, जन्त्री के प्रश्न।

सहायक पुस्तकः— बाल अङ्क गणित तृतीय भाग।

२. रेखा गणित :—आयत का क्षेत्रफल, समानान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल, त्रिभुज का क्षेत्रफल, वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल वर्गीय कागज और तराजू द्वारा शक्लों का क्षेत्रफल जानना, पिथागोरस का सिद्धान्त, निष्पत्ति और अनुपात, प्राय घन और घन के धरातल का क्षेत्रफल तथा घन फल प्रतीत करना बेलन का धरातल और क्षेत्रफल जानना।

३. बीजगणितः— अङ्कगणित से एकता तथा भिन्नता,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोड़ आदि चिह्न, गुणांक, मान, पद, सरल जोड़ तथा घटाना। घनात्मक तथा ऋणात्मक संख्याएं। जोड़ घटाने के कठिन प्रश्न, गुणाक, भागहार, आवश्यकीय सिद्धान्त, मूलक्रिया और स्थानापन्न सरल समीकरण, अक्षरों का प्रयोग, सूत्रों में स्थानापन्न, सरल समीकरण सम्बन्धी प्रश्न।

संख्या २, ३ के लिये सहायक ग्रन्थ—रेखागणित सरल बीजगणित तृतीय भाग।

[विकल्प में] गणित ज्योतिष

पंचांग का साधारण ज्ञान पूर्णाङ्क १००

[कन्याओं के लिये]

पारिवारिक हिसाब किताब।

लेखक-रामलाल गुप्त धनपतराय एण्ड संस दिल्ली

पञ्चम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे हिन्दी पूर्णाङ्क १००

विशेष:—पाठ्य ग्रन्थों से अवतरणों की व्याख्या तथा पाठ्य सारांश पूछे जावेंगे। शब्दार्थ, विलोम, मुहावरे, भावार्थ एवं लेखक का परिचय जानना भी आवश्यक है।

पाठ्यग्रन्थ क— श्रीमद्दयानन्द प्रकाश का वैराग्यकाण्ड [स्वामी सत्यानन्द] ३०

ख— छान्दोग्योपनिषद् विचार माला। (जगदेवसिंह सिद्धान्ती) मधुरप्रकाशन आर्यसमाज मन्दिर, सीताराम बाजार, दिल्ली-६ ३०

ग— व्याकरण-सन्धि, समास, वाक्यरचना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुद्धाशुद्ध प्रयोग ज्ञान, मुहावरों का अर्थ तथा वाक्य में उनका प्रयोग, विराम चिन्हों का प्रयोग ।

सहायक पुस्तक—व्याकरण ज्योत्स्ना, तृतीय भाग । (ले० करुणापति त्रिपाठी) ५

अथवा

राष्ट्रभाषा सरल हिन्दी व्याकरण—ले० केदार नाथ शर्मा, प्रकाशक—चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी ।

घ— निबन्ध—वर्णनात्मक तथा सामान्य विचारात्मक । १०

सहायक पुस्तक— निबन्ध प्रभा (श्री रामरंग शर्मा)

ङ— पत्र लेखन और आवेदन पत्र । ५

षष्ठ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे समाज शास्त्र पूर्णाङ्क—१००

(इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र)

इतिहास—लेखराम जी का जीवन चरित्र (स्वामी श्रद्धानन्द)

भूगोल—

क—भौमिक-भूकम्प, ज्वालामुखी, नदी, वायु एवं हिम के कार्य, चट्टानें, सामुद्रिक धाराए, ज्वार भाटा ।

ख—विश्व मह द्वीप और महासागर महाद्वीपों का अध्ययन, स्थिति, सीमा, विस्तार बनावट, जलवायु प्राकृतिक वनस्पति, कृषि मुख्य उद्योग, यातायात, व्यापार एवं

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन्दरगाह, मुख्य नगर, जनसंख्या, विश्व के बृहद् प्राकृतिक खण्ड।

ग प्रायोगिक-भूगोल मापक का अध्ययन, वर्षा, पवन वायु. दबाव,तापमापक यन्त्र, समताप और समभार रेखाएं, भारत, एशिया तथा विश्व के मानचित्र पर पहाड़ों, मुख्य नगरों, नदियों, बन्दरगाहों तथा प्रमुख उद्योगकेन्द्रों का प्रदर्शन।

सहायक ग्रन्थ:--प्रारम्भिक भूगोल तृतीय भाग।
ले० कुमारी सुमन वर्मा

नागरिक शास्त्र :—

१. भारतीय संविधानान्तंगत स्वीकृत मौलिक अधिकारों का संक्षिप्त अध्ययन।
२. भारतीय गणराज्य का संक्षिप्त परिचय।
३. केन्द्रीय शासन व्यवस्था, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मन्त्रिमण्डल विधानसभा।
४. अन्तर्राष्ट्रिय शान्ति संघटन, संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उसकी शाखाएं।
५. महात्मा गांधी और उनका आध्यात्मिक प्रभाव।

सहायक ग्रन्थ—

संक्षिप्त सामाजिक ज्ञान, तृतीय खण्ड, श्री जगदीश सहाय विसारिया चोखम्भा

अथवा

नागरिक शास्त्र तृतोय भाग का द्वितीय खण्ड

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे सामान्य विज्ञान पूर्णाङ्क १००

गति के नियम।

बल की परिभाषा, वेग, संवेग, गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त, दैनिक जीवन के कुछ साधारण यन्त्र।

द्रव्य के दबाव के नियम, तैरने की क्रिया, नाव, निकलसन हाईड्रोमीटर, लैक्टोमीटर,

उष्मा की इकाई, कैलोरी, उष्मा का प्रभाव, तथा परिवर्तन, उष्मा की परिभाषा, गुप्त ताप परिभाषा।

प्रकाश वर्तनांक की परिभाषा, वर्तनांक निकालना, पूर्णपरावर्तन, मरीचिका, लैंस के भेद, लैंस का उपयोग।

चुम्बक की बल रेखाएं, चुम्बक के अन्य उपयोग, विद्युत् धारा से चुम्बक बनाना, विद्युत् धारा की रासायनिक क्रिया, विद्युत्धारा का तापीय प्रभाव, विद्युत् दर्शक, विद्युत् घण्टी, विद्युत् कन्द।

ध्वनि, ध्वनि का उत्पादन और संचरण, ध्वनि का रूप।

साधारण अम्ल एव काष्टिक सोडा, काष्टिक पोटास, अमोनिया, चूने का पानी, हाईड्रोक्लोरिक अम्ल सल्फ्यूरिक अम्ल, नाईट्रिक अम्ल, मृदु तथा कठोर जल, रासायनिक गुण, स्थायी व अस्थायी कठोरता तथा उनका निराकरण, सामान्य लवण, सोडियमक्लोराइड, नाईट्रेट आदि, धातुवें, धातुओं के साधारण गुण तथा उनके उपयोग, मिश्रधातुओं के साथ स्वर्ण, ताम्र, रजत, यशद या जिंक, शीशा, टीन, लोहा एवं इस्तपात तथा पीतल के विषय में साधारण व्यवहारिक ज्ञान।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाभप्रद एव हानिप्रद जीवाणु और उन से लाभ, हानिप्रद जीवाणु एवं उनसे बचने के उपाय। घर के कीड़े-मकोड़े मक्खी, मच्छर, खटमल, पिस्सू, तेलचट्टा तथा उनसे बचने के उपाय।

मानव शरीर, स्नायुतन्त्र एवं प्रत्येक का कार्य।

परागण स्वयं तथा पर परागण के विभिन्न उपाय तथा लाभ, फूल के विषय में साधारण ज्ञान, विभिन्न प्रकार के फल तथा उनका वर्गीकरण।

सौर मण्डल, सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, मंगल आदि सप्तर्षि मण्डल।

विद्युत् के विषय में साधारण ज्ञान।

सहायक ग्रन्थ—

१. जनरल साइंस रीडर तृतीय भाग
(ले० डा० सत्यप्रकाश)

२. प्रारम्भिक ज्ञान और प्राकृतिक निरीक्षण भाग १–२
(ले० श्री मनोहरलाल भार्गव तथा श्री गंगाशरण भार्गव)

कन्याओं के लिये

समय ३ घण्टे — गृह विज्ञान — पूर्णाङ्क १००

सैद्धान्तिक— ६०

विद्यालय की सजावट–आयको दृष्टिगत रखते हुए।

कीड़े-मकोड़े– हानियां, नष्ट करने का ढंग।

आय—व्ययक

परिवार, समाज तथा विद्यालय में शिष्टाचार।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रायोगिक—

१. बनाई—डलिया, झोला ।

२. कढ़ाई—तकिया, गिलाफ, मेजपोश रूमाल ।
बच्चों के कपड़े ।

३. बुनाई—बच्चों के स्वीटर, स्त्रियों के स्वीटर, ब्लाउज ।

४. सिलाई—पेटीकोट, पाजामा, ब्लाउज, फ्राक ।

सूचना—कपड़े का खाका व पैमाना लिखित होना चाहिये और कपड़े की काट कगज पर होनी चाहिए ।

५. भोजन—बालक, स्त्रियों एवं पुरुषों का सन्तुलित आहार दाल, चावल, रोटी, तरकारी, पूड़ी, कचौड़ो, हलवा तथा दो प्रकार की मिठाई, तरकारी व दाल का रूप ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मध्यमा परीक्षा (प्रथम खण्ड)

प्रथम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे　　　　संस्कृत व्याकरण　　　　पूर्णाङ्क १००

क—अष्टाध्यायी प्रथमावृत्ति प्रथमाध्याय ।　　८०

व्युत्पत्तिप्रदर्शन में—पदच्छेद, विभक्ति, समास, अर्थ, उदाहरण, घटनापूर्वकसिद्धि, उदाहरणों के अर्थ, उस सम्बन्ध की ऐतिहासिक बातें, उदाहरणों के समकक्ष बाहर के प्रयोग एवं अशुद्धि परीक्षण सम्मिलित हैं।

इस पत्र में निम्न विषय हैं—

(१) प्रत्याहार सूत्र (२) वृद्धि गुण आदि पारिभाषिक संज्ञायें, आदेश प्रकरण, अतिदेश सूत्र, ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत का निश्चय, उदात्त-अनुदात्त-स्वरित की पहचान, एकशेष प्रकरण, आत्मनेपद-परस्मैपद के निमित्त, कारक विषय ।

ख—सम्पूर्ण मूल अष्टाध्यायी ।　　२०

विशेष—संज्ञा, समास, द्वितीयादि विभक्ति विधान, कृदन्त, तद्धित, स्वर, अङ्गाधिकार, भसंज्ञा अधिकार, षत्व, णत्वप्रकरण आदि के बोध की छात्रों से आशा की जाती है।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे गणित पूर्णाङ्क १००

(क) अष्टाध्यायी प्रथमावृत्ति द्वितीय अध्याय (व्युत्पत्ति-प्रदर्शन पूर्ववत्) ८०

इस पत्र में निम्न विषय विशेषतः आते हैं—

अव्ययीभाव, समास, द्वितीयादि तत्पुरुष, समास के भेद, कर्मधारय समास, एकदेशी समास, नित्यसमास, बहुव्रीहि समास, द्वन्द्व समास, द्वितीया आदि विभक्ति विधान, एकवत् प्रकरण एवं आदेश विधिः।

(ख) सन्धि विषय—(गुरुकुल कांगड़ी अथवा अजमेर से प्रकाशित) २०

सन्धि का लक्षण, सन्धि के चार भेद-स्वर सन्धि, हलसन्धि, हलस्वरसन्धि, अयोगवाहसन्धियों का परिचय एवं तदनुसार साधन प्रकरण (संज्ञा और परिभाषा प्रकरण परीक्षणीय नहीं है)

विशेष– सन्धि के नियम इसप्रकार छात्रों को हृदयङ्गम कराये जावें कि वे इन्हें हिन्दी में दूसरों को समझा सकें। इसके लिये कुछ अन्य उदाहरण भी तत्सदृश बताये जावें।

सूचना— दोनों पत्रों के 'क' भाग के लिए सहायक ग्रन्थः–

(१) काशिका
(२) अष्टाध्यायी भाष्य (पं० ब्रह्मदत्त जी जिज्ञासु)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृतीय प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे वेद-उपनिषद्-आर्यसिद्धान्त पूर्णाङ्क १००

अ (१) वेदः-- ३०

त्रैतवाद, वैदिक कर्म की प्रधानता, आत्मरूप से स्वयं को न जाननेवाले की नारकीय गति, ईश्वर को साक्षात् करने की योग्यता, किससे ब्रह्म दूर है और किसके निकट है। मोक्ष प्राप्ति, अविद्या आदि दोष दूर करने के उपाय, परमेश्वर का स्वरूप, नरक में जानेवाले नर-नारी, सृष्टि के कारण-कार्य का विवेक, जड़-चेतन का भेद, देहान्त-समय में कर्त्तव्य, ईश्वर का अनुग्रह एवं उपदेश।

सहायक ग्रन्थः-यजुर्वेद का ४० वां अध्याय महर्षि दयानन्द संस्कृत भाष्य एवं ईशोपनिषद्) दोनों का कण्ठस्थ होना भी आवश्यक है।

(२ उपनिषद् — ४०

(क) मन, प्राण, वाणी, चक्षुः, श्रोत्र का प्रेरक, ब्रह्म के लक्षण, ब्रह्म और देवों का संवाद, इन्द्र और उमा का वास्तविक स्वरूप।

सहायक पुस्तकः— केन

(ख)-वाजश्रवा द्वारा सब कुछ दान दिया जाना, अपने पुत्र को भी मृत्यु को सौंप देना, नचिकेता पुत्र का यमाचार्य से संवाद, तीन वरों का दान नचिकेता को देना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मोद्धार के लिए श्रेय मार्ग का अवलम्बन, जगत् में फंसे रहने के लिए प्रेय पथ का आश्रय, इन्द्रियों का स्वभाव, उन पर विजय पाना, शाश्वत शान्ति के दर्शन। योग विधि।

सहायक पुस्तकः— कठ

(३) आर्य सिद्धान्तः— २०

गौवों का कृषि के साथ सम्बन्ध। एक गाय अपने जन्म काल में प्रति व्यक्ति को दो सेर दूध देकर २५७४० मनुष्यों को तृप्त करती है। गाय की एक पीढी में १५४४४० व्यक्तियों का पालन। घास, तृण, पत्ते, फूल जिसे मनुष्य नहीं खाते, उन्हें खाकर दूध, घृत देनेवाली गाय। गो आदि के नाश से राजा प्रजा का नाश, गो-घातक और रक्षक का संवाद, सात प्रकार के हिंसक लोग, पशुओं की रक्षा के लिए सभा आदि का निर्माण एवं उनके नियम-उपनियम।

सहायक पुस्तक—गोकरुणानिधि (महर्षि दयानन्द सरस्वती)

आ—सुशीलता (शील, स्वभाव, व्यवहार पर आधारित) १०

विशेष—सुशीलता के अङ्क विद्यालय के प्रधानाचार्य जीवनचर्या के आधार पर निर्धारित करेंगे।

चतुर्थ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे | संस्कृत साहित्य | पूर्णाङ्क १००

प्रकरण, विग्रह, समास पूर्वक गद्य भाग की संस्कृत में व्याख्या और हिन्दी में अनुवाद। इसी प्रकार पद्य भाग

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की प्रकरण, विग्रह, छन्द, समास का ध्यान रखते हुए संस्कृत में व्याख्या और हिन्दी में अर्थ पूछे जायेंगे। एकार्थक और पर्यायवाची शब्द भी हृदयङ्गम किये जावें। सन्दर्भों का अपनी संस्कृत में सक्षेप और पाठों की संस्कृत में व्याख्या करने पर ध्यान दिया जावे।

(क)	विदुरनीति	२०
(ख)	चाणक्यनीति (लघुरूप)	२०
(ग)	पञ्चतन्त्र (मित्रसम्प्राप्ति)	३०
(घ)	अनुवाद हिन्दी भाषा से संस्कृत में	२०
(ङ)	संस्कृत सम्भाषण	१०

टिप्पणी—(ङ) के अङ्क विद्यालय से ही दैनिकचर्या के आधार पर दिये जावेंगे।

पञ्चम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे हिन्दी पूर्णाङ्क १००

इसका उद्देश्य छात्रों द्वारा निबन्ध-रचना तथा व्याकरण के आधार पर भाषा सम्बन्धी शुद्ध और प्रभावोत्पादक प्रयोग, सन्दर्भों की सन्तुलित वा विस्तृत व्याख्या, लेखक-परिचय और आलोचना करना होगा।

पाठ्य-पुस्तक :—

(क)	श्रीमद्दयानन्दप्रकाश का गंगा काण्ड	३०
(ख)	भारत भारती (प्रथम खण्ड)	३०
(ग)	व्याकरण में सन्धि, समास, कर्तृवाच्य तथा कर्मवाच्य, क्रियाभेद एवं कालविवेचन, शुद्धाशुद्ध प्रयोग।	

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहायक पुस्तक :—मानक हिन्दी व्याकरण। ले०-रामचन्द्र वर्मा (प्रकाशक चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी) ३०

(घ) निबन्ध—

सहायक पुस्तक :—निबन्ध सुधा– ले० कपिलदेव त्रिपाठी।

(प्रकाशक :—प्राच्यभारती प्रकाशन, वाराणसी)

षष्ठ प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे अतिरिक्त विषय पूर्णाङ्क १००

(निम्न में से कोई एक विषय लेना अनिवार्य है)

१. सिद्धान्त २. ज्योतिष ३. इतिहास ४. भूगोल ५. नागरिक शास्त्र ६. हिन्दी ७ गणित ८. विज्ञान ९. अंग्रेजी १० पुराणेतिहास ११. कृषि एवं पशु-पालन १२. आयुर्वेद

१. सिद्धान्तः— १००

आर्यावर्त के समान भूगोल में कोई देश नहीं, राजसूय यज्ञ और महाभारत में चीन, अमेरीका और यूरोप देशों से प्रतिनिधियों का आगमन, स्वायंभव राजा से पाण्डव पर्यन्त आर्यों का चक्रवर्ती राज्य, राज्य-विनाश के कारण, आग्नेयास्त्र आदि विद्याओं का प्रचलन, विनाश काल में विपरीत बुद्धि का होना. ब्राह्मण क्षत्रियों का पतन, पोप की परिभाषा, उसके कार्य, वाममार्गी और उनके कार्य, तन्त्र ग्रन्थों की लीलायें, सौत्रामणि याग, अश्वमेध और गोमेध का वास्तविक अर्थ, यज्ञों में पशु बलि अवांछनीय, जैन मत तथा उसकी अनुचित बातों का खण्डन, शङ्कराचार्य की दिग्विजय, नवीन वेदान्त

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मत निवारण, वाममार्गी और शैवों के कार्य, वैष्णव मत का प्रचलन, तथा कथित ब्रह्मा, विष्णु महेश की रचना, देवी भागवत में मिथ्या कल्पनाएं, चक्रांकितों का वर्णन, मूर्तिपूजा का आदिस्रोत, मूर्तिपूजा से हानियां, सोमनाथ जी क्या पृथ्वी से ऊपर रहते थे। क्या ज्वालामुखी प्रत्यक्ष देवी है? हरद्वार, देवप्रयाग, त्रियुगी नारायण आदि से मुक्ति की मिथ्या कल्पना, गुरुमाहात्म्य, गुरुगीता आदि मिथ्या ग्रन्थ, पुराणों की कथाएं कहां तक सत्य हैं। श्रीमद्भागवत की लीलाएं, अजामेल की कथा, ग्रहों का फल है क्या? गरुड पुराण का मिथ्यात्व।

श्राद्ध, तर्पण, पिण्डदान, वैतरणी नदी की निरर्थकता, कुपात्र और सुपात्र के लक्षण, कर्मफल देनेवाला कौन? भक्तमाल की कथा।

कबीर पन्थ समालोचना, नानक जी की मान्यताएं, गुरु गोविन्दसिंह, खेड़ापा आदि शाखाएं, स्वामी नारायण गोकुलिए– गोसाई मतों की समीक्षा, जाति भेद का विवरण, वाममार्गी और जिज्ञासु का विवाद, ब्रह्मचारी और संन्यासियों की समीक्षा, गृहस्थ और साधक के प्रश्नोत्तर, आर्यावर्तदेशीय राजवंशावली।

सहायक ग्रन्थ– सत्यार्थप्रकाश का एकादश समुल्लास।

अथवा

ज्योतिष

पाठ्य-ग्रन्थ—लीलावती (सम्पूर्ण), ग्रहलाघव अंक १००

अथवा

इतिहास

प्राचीन विश्वासों पर वेदों का प्रभाव, चीन और

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिस्र, चीन का प्राचीन धर्म, बौद्ध धर्म, उपनिषदों का ज्ञानवाद, पारसी धर्म, यहूदी, ईसाई, मोहम्मदी, इनकी मान्यताएं, मध्यकालीन हिन्दू धर्म। जन्म और वैराग्य अमृत की तलाश, विद्या के स्रोत में स्नान, खाण्डव वन, सुधार की प्रारम्भिक दशा, मध्यम दशा, गंगातट पर सिंहनाद, गढ से टक्कर, सुधार की तीसरी दशा, आर्य समाज की स्थापना–बम्बई प्रान्त में प्रचार, उत्तर दिशा में धर्म की गूंज, नियमों की दृढनींव।

आर्य समाज का विस्तार, थ्यासोफी से सम्बन्ध, राजपूताने के कार्य, परोपकारिणी सभा का निर्माण, जीवन का अन्तिम दृश्य, आर्यसमाज का संघटन।

भविष्य के अंकुर, उन्नति युग, डी. ए. वी. कालेज, आर्यप्रतिनिधिसभाओं की स्थापना, सनातन धर्म से संघर्ष, पञ्जाब में मतभेद के अंकुर, गुरुदत्त विद्यार्थी।

सहायक ग्रन्थ—

आर्य समाज का इतिहास (प्रथम भाग)
पृष्ठ १ से २४१ तक निर्धारित।
(ले० इन्द्र विद्यावाचस्पति)

अथवा

भूगोल

(अ) प्राकृतिक भूगोल:— पूर्णाङ्क १००

१. गणित सम्बन्धी सौरमण्डल, पृथ्वी का आकार विस्तार और उनकी गतियां, दिन रात, ऋतुएं अक्षांश एवं देशान्तर ग्रहण।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२. स्थल मण्डल चट्टानें, धरातल पर परिवर्तनकारी शक्तियां (जल, वायु तथा हिम के कार्य, भूचाल, ज्वालामुखी, समुच्च रेखाएं ।

३. जलमण्डल: महासागर, सामुद्रिक धाराएं, लहरें और ज्वारभाटा उनके कारण और प्रभाव ।

४. वायुमण्डल: जलवायु तथा मौसम, वायुभार की पेटियां, चक्रवात और प्रतिचक्रवात, ताप वायु भार पवन और वर्षामापक यन्त्र; समताप तथा समवायु भार रेखाएं ।

(आ)–विश्व का भूगोल–

१. महाद्वीपों का अध्ययन-प्राकृतिक बनावट, जलवायु, वनस्पति, मुख्य फसलें, खनिज, उद्योग, प्रमुख नगर, एवं पोताश्रय, यातायात तथा व्यापार ।

२. मुख्य प्राकृतिक खण्डों का अध्ययन, मानवीय क्रियाएं एवं जीवनप्रक्रिया पर भौगोलिक वातावरण का प्रभाव ।

अथवा

नागरिक शास्त्र

नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त—

१. नागरिक शास्त्र, अर्थ, परिभाषा, क्षेत्र तथा महत्त्व ।

२. नागरिकता-तात्पर्य, प्राप्ति एवं विलुप्ति । नागरिक के अधिकार तथा कर्त्तव्य, उत्तम नागरिकता के पथ में बाधायें एवं निराकरण के उपाय ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३. समाज, परिवार तथा अन्य संस्थाओं का महत्त्व ।
४. राज्य की परिभाषा और कर्त्तव्य ।
५. सरकार-प्रकार, राजतन्त्र, कुलीनतन्त्र, प्रजातन्त्र एकात्मक, संघात्मक, संसदीय, अध्यक्षीय, प्रजातन्त्र तथा अधिनायकतन्त्र परिभाषा एवं कर्त्तव्य ।
६. कानून एवं स्वतन्त्रता ।

सहायक पुस्तकें—

१. नागरिक सिद्धान्त कौमुदी —गोरखनाथ चौबे
२. नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त —ओम्प्रकाश केला

अथवा

हिन्दी

पाठ्य-ग्रन्थ :—

(क) आदर्श की ओर [आचार्य भद्रसेन] ४०

प्रकाशक—आदर्श साहित्य निकेतन अजमेर ।

(ख) अर्जन और विसर्जन (श्री मैथलीशरण गुप्त)

प्रकाशक—साहित्य सदन चिरगांव झांसी ।

पूरक पाठ्यग्रन्थ (१) प्रेमचन्द की सर्वश्रेष्ठ कहानियां १५
(२) साहित्य स्रष्टा (मोहन वल्लभ पन्त) १५

प्रकाशक—हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय वाराणसी ।

सूचना—पाठ्यग्रन्थों से सन्दर्भसहित व्याख्या, पूरक पाठ्य ग्रन्थों से विवेचनात्मक प्रश्न, कवियों और लेखकों का परिचय पूछा जायेगा ।

अथवा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गणित

(क) अङ्कगणित—महत्तम समापवर्तक, लघुतम समापवर्तक, वर्गमूल, मध्यमान, प्रतिशत, लाभ हानि के कठिन प्रश्न, सांझा-पाती, ब्याज साधारण तथा मिश्र, सरल आंकड़ों का आलेख क्षेत्रफल-त्रिभुज, चतुर्भुज तथा वृत्त, क्षेत्रपञ्जी द्वारा क्षेत्रफल, आयतन-वर्तुल, वेलन तथा शंकुगोल।

(ख) बीजगणित—योगादि नियम चतुष्टय, गुणनखण्ड-द्विघाती व्यञ्जक, दो घनों का योग और अन्तर, दो वर्गों का अन्तर महत्तमसमापवर्तक, महत्तमसमापवर्त्य, भिन्न सरल एक वर्ण एक घात समीकरण, दो या तीन अज्ञात वर्गों का युगपत् समीकरण, एक अज्ञात वर्ण का वर्गसमीकरण, समीकरणों पर आधरित प्रश्न।

अथवा

विज्ञान

भौतिक शास्त्र—

स्थिर तथा गतिज अवस्था, वेग, त्वरण, समवेग कार्य, ऊर्जा शक्ति, इनकी परिभाषा तथा इकाइयां, यान्त्रिक शक्ति, इनकी परिभाषा तथा उदाहरण, ऊर्जा के अन्यरूप—ताप, प्रकाश, विद्युत् आदि। द्रव्य तथा शक्ति के बीच सम्बन्ध—दैनिक जीवन के यन्त्र, बैरोमीटर, वायुदाबका मापन, द्रव्य के दाब का नियम, उत्प्लावन बल, पंप, साइफन, उष्मा, ताप की इकाई, ठोसद्रव्य और गैसों का प्रसार, कैलरीमिति, कैलरी—

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोटर, ठोस की विशिष्ट उष्मा निकलना. दशा परिवर्तन तथा गुप्त ताप बर्फ का गुप्त ताप निकालना, उष्मा का संचरण ।

प्रकाश – गोलदर्पण, नतोदर तथा उन्नतोदर, नतोदर दर्पण के नाभ्यान्तर का सूत्र, दोनों दर्पणों के नाभ्यान्तर निकालना, प्रतिबिम्बों की रचना ।

लेंस के भेद—लेंस द्वारा प्रतिबिम्ब की रचना, लेंस सूत्र, नतोदर लेंस का नाभ्यान्तर निकालना, लेंस का उपयोग, प्रीजम में वर्तन, प्रकाश यन्त्र और हमारे नेत्र, लेंस, कैमरा, मैजिक लैन्टर्न, टेलिस्कोप, मायक्रोस्कोप, पेरीस्कोप ।

रसायन शास्त्र—

रसायन शास्त्र और उसकी उपयोगिता ।

द्रव्य और उसके गुण

अवस्था में परिवर्तन, ठोस वस्तुओं का द्रव्य में विलयन, केलासन, भौतिक और रासायनिक परिवर्तन, पदार्थों की परीक्षा, साधारण उपकरणों का बनाना वायु का अध्ययन ।

तत्व और यौगिक, रसायन शास्त्र की परिभाषा, आक्सीजन, नाईट्रोजन, वायुमण्डल धातुओं पर अम्लों का प्रभाव, हाईड्रोजन जल, कार्बन डाई आक्साईड ।

जीव विज्ञान ;—

जीवन विज्ञान, उद्देश्य तथा लाभ, जीवधारियों के लक्षण, एक सम्पूर्ण जीव की दृष्टि से जीवकोष । प्राणी तथा वनस्पति में एकता, समानता, वर्गीकरण का

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्देश्य तथा लाभ, जीव जगत् के वर्ग समूह के विषय में सामान्य ज्ञान, प्राणिविज्ञान तथा उनकी सफलता, लाभ तथा इसकी उपयोगिता, प्राणिविज्ञान शिक्षा के विकास, प्राकृतिक तथा प्रायोगिक अध्ययन एवं उपयोगिता।

मेंढक एवं प्राणी के उदाहरण स्वरूप, आवास तथा आकार, प्राकृतिक वितरण और व्यवहार, मेंढक की आन्तरिक रचना विभिन्न अङ्ग संस्थान तथा उनके कार्य, मानव शरीर के विभिन्न अङ्गों के कार्य एवं तुलना।

निम्नवर्गीय प्राणियों का अध्ययन तथा लाभ, लाभदायक तथा हानिकारक प्राणियों के विषय में साधारण ज्ञान, कपास के गुबरीले टिड्डो, रेशम के कीट, मक्षिका, मधुमक्षिका, एवं मच्छर के विषय में साधारण ज्ञान।

प्रायोगिक कार्य;—

निम्नलिखित प्रयोग विद्यार्थियों को अवश्य दिखाये जाने चाहियें।

वर्नीयर स्केल का प्रयोग कैलीपर्स तथा स्क्रूगेज का प्रयोग।

भौतिक तुला तथा कमानीदार तुला द्वारा मात्रा और भार निकालना।

लीवर की कार्यविधि दिखाना, ठोस तथा द्रव का आयतन निकालना।

आर्कमेडीस सिद्धान्त की परीक्षा करना।

पानी से हल्के ठोस का अपेक्षित घनत्व निकालना।

यू नली द्वारा किसी द्रव का अपेक्षित घनत्व

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निकालना, वायु के दाब तथा साइफन का कार्य दिखाना।

ताप का संचरण, संवाहन तथा विकिरण दिखाना विभिन्न धातुओं पर ताप का प्रभाव दिखाना, फार्टिन के वायु दाब मापक का पाठ लेना और उसमें तापक्रम सम्बन्धी संशोधन करना।

पानी के क्वथनांक तथा बर्फ के गलनांक पर गन्दगी का प्रभाव दिखाना। उच्चतम निम्नतम तापक्रम यन्त्र द्वारा किसी दिन का उच्चतम तथा तापक्रम निकालना। समतल तथा गोलीय दर्पण का अध्ययन करना, एवं दर्पणों को पहिचानना, प्रीज़म का कार्य दिखाना, जीव-कोष का अध्ययन करना, मेंढक की आंतरिक रचना देखना।

(सूचना—विज्ञान के पाठ्यक्रम में प्रयोगात्मक अध्ययन अधिक से अधिक हो, जिससे विद्यार्थियों को सिद्धान्त तथा व्याख्या बोध गम्य हो। पाठ्यक्रम अध्यापन में इस बात पर ध्यान दिया जाये कि-विज्ञान सम्बन्धी नियमों को वे समझ सकें एवं अपनी चिन्तन शक्ति तथा विचार धाराओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से करें। अतः अध्यापक लिखित प्रयोगों के अतिरिक्त स्वयं विभिन्न प्रयोग दिखा सकते हैं। जब तक प्रयोगात्मक परीक्षा सम्भव न हो-लिखित प्रश्नों में से दो प्रश्न अवश्य प्रयोगात्मक हों। प्रयोगात्मक पुस्तिका रखना आवश्यक है।)

सहायक ग्रन्थ

१. सरल भौतिकी—के० कुमार एवं भार्गव।
२. प्रारम्भिक भौतिकी—बी० एल० कुलश्रेष्ठ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३. सरल रसायन—के० कुमार एवं भार्गव।
४. सरलरसायनविज्ञान—एस० पी० टण्डन।
५. प्रारम्भिकवनस्पति विज्ञान—डॉ० रामकुमार सक्सेना डा० कामेश्वर सहाय भार्गव, प्र०—नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स, वाराणसी।
६. वनस्पति विज्ञान—आर० डी० विद्यार्थी।
७. प्रारम्भिक जीव विज्ञान भाग २—एस० पी० टण्डन।

गृह विज्ञान

(केवल कन्याओं के लिये)

सैद्धान्तिक—

(अ) मकान की सफाई, डाक्कर, सजावट, कमरों का वितरण।

(आ) कटाई तथा सिलाई—कमीज, पाजामा, ब्लाउज, मेजपोश, तकिये का गिलाफ।

प्रायोगिक—

त्रिकोणात्मक तथा गोलाकार पट्टियों का बांधना। हड्डियों के टूटने पर उनका उपचार। परिचारिका की परिभाषा, परिचारिका के गुण, रोगिणी का कमरा बिस्तर लगाना, नहलाना, नाड़ी परीक्षा, श्वास तथा तापक्रम का लेखा, बर्फ की टोपी का प्रयोग, गर्म पानी के बोतल का प्रयोग।

वस्त्रों की धुलाई—

सूती कपड़ों का धोना, ऊनी तथा रेशमी कपड़ों का धोना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाक विज्ञान—

जौ, साबूदाना, सूजी, दही का अम्ल पानी, दाल चावल तथा खिचड़ी बनाना।

अथवा

अंग्रेजी

(1)	Text—New Clarendan Primer- by P. K. Guha M. A. LL. B	40
(2)	Translation in—Simple Sentences	10
(3)	Grammer—Parts of Speech	10
(4)	Composition—Use of words	10
(5)	Dictation	10
(6)	Recitation	10
(7)	Spelling Exercise	10

अथवा

पुराणेतिहास अथवा कृषि एवं पशुपालन अथवा आयुर्वेद इनका पाठ्य-क्रम पृथक् प्रकाशित किया जायेगा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मध्यमा परीक्षा (द्वितीय खण्ड)

प्रथम प्रश्न पत्र

समय ३ घण्टे संस्कृत व्याकरण पूर्णाङ्क १००

(क) अष्टाध्यायी प्रथमा वृत्ति तीसरा अध्याय ५०

व्युत्पत्ति प्रदर्शन—प्रथमखण्ड के समान

इस पत्र में निम्न विषय हैं—

प्रत्ययः, सनाद्यन्त धातु, विकरण विधान, धात्वधिकार उपपद परिचय, कृत् अधिकार कृत्यप्रत्यय, भूत काल में प्रत्ययों का विधान, वर्तमान काल में प्रत्यय विधि, भविष्यत् काल में विधान किये जानेवाले प्रत्यय, भाव में प्रत्यय विधायक सूत्र। अथवा कालविहित प्रत्ययों का साधुत्व, तुमर्थ प्रत्यय, कर्मादि उपपद होने पर धातुओं से प्रत्ययविधि, कर्त्ता, कर्म और भाव में लकारों का होना, क्त का विभिन्न अर्थों में प्रयोग, तिङन्त प्रक्रिया।

ख) उणादि कोष (अर्थ, उदाहरण सिद्धि सहित)। ५०

